संख्या-44 /2020-ई.ओ.-09/58-2020-8/2020टी.सी.

प्रेषक,

बी0एल0 मीणा,
प्रमुख सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवामें,

समस्त जिलाधिकारी,
उत्तर प्रदेश।

उद्यान अनुभाग **लखनऊः दिनांक 14 सितम्बर, 2020**

विषयः- महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारण्टी योजनान्तर्गत उद्यान विभाग द्वारा प्रेषित प्रस्तावों की स्वीकृति प्रदान करने के सम्बन्ध में।

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषय के संबंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि ग्राम्य विकास अनुभाग-7, उत्तर प्रदेश शासन के पत्र सं0-768/अड़तीस-7-2020-62 नरेगा/2019, दिनांक 15-06-2020 (प्रति संलग्न) द्वारा उद्यान विभाग को श्रमांश मद में 100 करोड़ व्यय करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस क्रम में निदेशक, उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण, उ0प्र0 लखनऊ ने पत्र सं0-1756-1849/मनरेगा-58/2020-21, दिनांक 15-6-2020 (प्रति संलग्न) द्वारा जनपदवार 100 करोड़ के लक्ष्य निर्धारित करते हुए जिला उद्यान अधिकारियों को प्रेषित किये गये हैं। जिला उद्यान अधिकारियों के प्रेषित प्रस्तावों पर जनपद स्तर पर अपेक्षित स्वीकृति प्रदान न होने से विभागीय लक्ष्य के सापेक्ष व्यय प्रगति बहुत कम प्रदर्शित हो रही है। यह भी संज्ञान में लाया गया है कि जनपद महराजगंज एवं अमरोहा में अभी तक कोई स्वीकृति प्रदान नहीं की गई है। मनरेगा योजना की समीक्षा मुख्य सचिव, उ0प्र0 व मा0 मुख्यमंत्री जी के स्तर पर की जा रही है। उद्यान विभाग द्वारा कराये जाने वाले कार्य किसानों के निजी प्रक्षेत्र पर किए जा रहे हैं, जिसमें मनरेगा के दिशा-निर्देशानुसार जनपदीय अधिकारियों को तरह-तरह की कठिनाईयां भी आ रही है, उक्त कार्य समय से कराया जाना आवश्यक हैं।

अतः अपने-अपने जनपदों में ग्राम्य विकास विभाग द्वारा निर्धारित लक्ष्यों के अनुसार उद्यान विभाग के प्राप्त प्रस्तावों पर जनपद के संबंधित अधिकारियों के स्तर से स्वीकृति प्रदान कराने एवं विकास खण्ड/ न्याय पंचायत स्तर के अधिकारियों/कर्मचारियों के सहयोग देने के संबंध में भी कार्यवाही करने का कष्ट करें, जिससे शासन द्वारा निर्धारित मनरेगा के लक्ष्यों को उद्यान विभाग द्वारा पूर्ण किया जा सके।

संलग्नक : उपरोक्तानुसार।

भवदीय,

(बी0एल0 मीणा)
प्रमुख सचिव।

संख्या-44/2020-ई0ओ0-09(1)/58-2020 तद्दिनांक-

प्रतिलिपि निदेशक, उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग, उ0प्र0 लखनऊ को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

आज्ञा से,

(इन्दुबाला कटियार)
संयुक्त सचिव।

http://shasanadesh.up.gov.in